ज़रा सिर खुजलाइए

भागः 4

# डाक टिकट की गुत्थी




चित्रः आमोद कारखानिस

पृष्ठ क्रमांक 56 से आगे .....

इस बार मोहराबादी ने 1, 4, 6, 14 और 15 मूल्य की डाक टिकिटें जारी की। इनमें से किन्हीं भी तीन टिकटों से 1 से 36 तक के किसी भी मूल्य को प्राप्त किया जा सकता है।

अभी ये डाक टिकटें जारी ही हुई थीं कि घोषणा हुई कि पृथ्वी की संचार प्रणाली को भी इसी व्यवस्था में जोड़ा जा रहा है जिस कारण से अब 52 मारिया तक की टिकटों की ज़रूरत होगी। अब रुस्तम मोहराबादी को इस नए खेल में और भी मज़ा आने लगा था। इस बार समस्या ज़्यादा पेचीदा थी। अंतरिक्ष यान में मंगल ग्रह का दूसरा चक्कर लगाते हुए उन्होंने अचानक पाया कि इस बार उन्हें 6 टिकटों की ज़रूरत तो होगी ही परन्तु पहली बार ऐसे दो संभव तरीके हैं जिससे वे इस समस्या को सुलझा सकते हैं।

**इनमें से एक हल तो यह है -- 1, 3, 7, 9, 19 और 24 मारिया की डाक टिकट जारी की जाए। इस समस्या का दूसरा हल आपको ढूंढ़ना है।**



भागः 5 देखिए पृष्ठ क्रमांक 80 पर।